BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

DEPARTMENT OF HINDI

DR. DIGVIJAY RAI
HEAD
EMAIL: bsnvpgc1954@gmail.com
MOB. NO.: 0522-2635513
DATE: 14/09/2023

'हिंदी दिवस' के अवसर पर हिंदी विभाग द्वारा एक व्याख्यान का आयोजन

'हिंदी दिवस' के अवसर पर हिंदी विभाग द्वारा एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों के लिए काव्य पाठ और भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में राजभाषा की स्थिति पर छात्रों ने तार्किक ढंग से अपने विचार व्यक्त किए और अपनी सुंदर काव्य प्रस्तुति से उन्होंने कार्यक्रम की शोभा में चार चांद लगा दिया। आज के कार्यक्रम में कु रुचि ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, एवं नीतीश शुक्ला, पारस, शिवम पांडे, सुलेखा, रामप्रताप सिंह, नंदिनी, अंकिता शर्मा, आकाश मिश्र, आदि विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज के प्राचार्य प्रो संजय मिश्र ने किया। प्राचार्य महोदय ने अपने अध्यक्षीय भाषण में हिंदी भाषा की वैज्ञानिकता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए और उसके महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर कला संकाय के प्रभारी प्रोफेसर सी. एल. बाजपेई और शिक्षा शास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर अनिल पांडे ने भी राजभाषा हिंदी के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में डॉ. चंद्रमणि शर्मा ने विषय परिवर्तन किया और हिंदी विभाग के अध्यक्ष दिग्विजय कुमार राय ने अपने वक्तव्य के साथ सभागार में उपस्थित समस्त विद्वतजनों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन डॉ. अंजलि अस्थाना ने किया। इस अवसर पर प्रोफ़ेसर गीता रानी, प्रोफेसर राजीव दीक्षित, डॉ. स्नेह प्रताप सिंह आदि विद्वतजनों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को अत्यधिक गरिमामयी बना दिया । हिंदी विभाग के समस्त शिक्षकों डॉ. प्रणव मिश्र, डॉ. कृष्णचंद्र, डॉ. सीमा दुबे के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

Dr. D.K. Rai
(Head)